# Daily Current Affairs 01/04/2021

1. **वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 6वीं वार्षिक बैठक में हिस्सा लिया**



- केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री और न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) में भारत की गवर्नर, श्रीमती निर्मला सीतारमण ने न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 6वीं वार्षिक बैठक में भाग लिया।
- इस बैठक में ब्राजील, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के गवर्नर / ऑल्टरनेट गवर्नर भी उपस्थित थे।
- इस वर्ष की वार्षिक बैठक का विषय **"न्यू डेवलपमेंट पेरडाइम: द इवोल्यूशन ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर"** था।
- **नोट:** सीतारमण ने उल्लेख किया कि भारत अगले तीन वर्षों में 69 अरब डॉलर के ऋण लक्ष्य के साथ लगभग 3 अरब डॉलर की प्रदत्त पूंजी के साथ एक नया विकास वित्तीय संस्थान (DFI) बनाने जा रहा है।
- **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के बारे में:**
  **मुख्यालय:** शंघाई, चीन
  **अध्यक्ष:** मार्कोस प्राडो ट्रायजो
  **संस्थापक:** BRICS देश (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका)
  **स्थापना:** 15 जुलाई 2014
  **प्रथम अध्यक्ष:** के वी कामथ

2. **एस जयशंकर ने ताजिकिस्तान में हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में भाग लिया**

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests




ताजिकिस्तान की अपनी तीन दिवसीय द्विपक्षीय यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री एस जयशंकर 30 मार्च, 2021 को ताजिकिस्तान के दुशांबे में अफगानिस्तान पर **9वीं हार्ट ऑफ एशिया-इस्तांबुल प्रोसेस (HoA-IP) मंत्रिस्तरीय सम्मेलन** में शामिल हुए।

- जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान में स्थायी शांति के लिए सभी हितधारकों को दोहरी शांति तंत्र पर काम करना होगा जिससे अफगानिस्तान के भीतर और बाहर शांति स्थापित हो सके।




- **नोट:** 9वीं हार्ट ऑफ एशिया-इस्तांबुल प्रोसेस मंत्रिस्तरीय सम्मेलन इस्तांबुल प्रोसेस का हिस्सा है - एक स्थिर और शांतिपूर्ण अफगानिस्तान के लिए सुरक्षा और सहयोग पर एक क्षेत्रीय पहल - जिसे 2 नवंबर, 2011 को तुर्की में लॉन्च किया गया था।
- भारत ने दिसंबर 2016 में अमृतसर, पंजाब में 6वीं हार्ट ऑफ़ एशिया मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की सह-मेजबानी की थी।
- **ताजिकिस्तान के बारे में तथ्य:**
  **राजधानी:** दुशांबे
  **मुद्रा:** ताजिकिस्तानी सोमोनी
  **राष्ट्रपति:** इमोमाली रहमान

**3. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के अंतर्गत 132 शहरों में नियोजित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए MoU पर हस्ताक्षर किए गए**

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests





- केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के अंतर्गत शहर केन्द्रित कार्य-योजनाओं के कार्यान्वयन के उद्देश्य से चिहि्नत 132 शहरों के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, शहरी स्थानीय निकायों और प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- **राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क** जिसमें प्रमुख वायु गुणवत्ता विशेषज्ञ शामिल हैं, को NCAP के तहत गतिविधियों का समर्थन करने के लिए एक तकनीकी सलाहकार समूह के रूप में गठित किया गया है।
- **राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के बारे में:** यह 2024 तक (आधार वर्ष 2017 के साथ) पार्टिकुलेट मैटर कंसन्ट्रेशन में 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक कटौती के लक्ष्य के साथ समग्र रूप में देश भर में वायु प्रदूषण की समस्या से पार पाने के लिए एक दीर्घकालिक, समयबद्ध, राष्ट्रीय स्तर की रणनीति है।

## 4. NITI आयोग ने 'भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में निवेश के अवसर' विषयक रिपोर्ट जारी की





NITI आयोग ने भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विभिन्न वर्गों जैसे अस्पतालों, चिकित्सकीय उपायों और उपकरणों, स्वास्थ्य बीमा, टेली मेडिसिन, घर पर स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सकीय यात्राओं के क्षेत्र में निवेश के व्यापक अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत करने वाली एक रिपोर्ट जारी की।

- रिपोर्ट को NITI आयोग के सदस्य डॉ वी के पॉल, CEO श्री अमिताभ कांत और अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश सरवाल ने जारी किया।



- भारत का स्वास्थ्य देखभाल उद्योग 2016 से 22 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि प्रगति दर से बढ़ रहा है। ऐसा अनुमान है कि इस दर से यह 2022 तक 372 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के अनुमान के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा 2017-22 के बीच भारत में 27 लाख अतिरिक्त नौकरियां पैदा कर सकती है।

**5. वर्ल्ड समिट ऑन इनफॉरमेशन सोसायटी फोरम 2021 में संचार राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे ने भारत का प्रतिनिधित्व किया**



- वर्ल्ड समिट ऑन द इनफॉरमेशन सोसायटी (WSIS) फोरम 2021 'ICT फॉर डेवलपमेंट' के लिए विश्व का सबसे बड़ा वार्षिक कार्यक्रम है जिसका आयोजन सामूहिक रूप से इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (ITU), UNESCO, UNDP और UNCTAD द्वारा किया गया।
- श्री धोत्रे ने उद्योग के आधुनिकीकरण और रूपांतरण, सतत आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के बड़े उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) की भूमिका को रेखांकित किया।
- **नोट:** 2021 WSIS फोरम, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के सहयोग से WSIS एक्शन लाइन्स की उपलब्धियों को ट्रैक करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में सेवा करने का अवसर प्रदान करेगा और 2005 से WSIS एक्शन लाइन्स के कार्यान्वयन की जानकारी और विश्लेषण प्रदान करेगा।

**6. श्री प्रहलाद सिंह पटेल और श्री शिवराज सिंह चौहान ने खजुराहो में 'महाराजा छत्रसाल सम्मेलन केन्द्र' का उद्घाटन किया**

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests



- पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद सिंह पटेल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के खजुराहो में पर्यटन मंत्रालय की **स्वदेश दर्शन योजना** के तहत खजुराहो में विकसित 'महाराजा छत्रसाल सम्मेलन केन्द्र' का उद्घाटन किया।
- **UNESCO का विश्व धरोहर स्थल खजुराहो**, अनेकों पर्यटकों को अपने मंत्रमुग्ध करने वाले मंदिरों की तरफ आकर्षित करता है। अपनी सुविधाओं में और अधिक व्यवस्थाओं को जोड़ते हुए शानदार सुविधाओं के साथ यह ऐसा सम्मलेन केंद्र है, जिसे खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर रूप में नामित किया गया है। यह स्थल आगंतुकों की सभी व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

**7. मैत्री एक्वाटेक ने स्मार्ट सिटी विशाखापत्तनम में 'दुनिया का पहला मोबाइल वाटर फ्रॉम एयर कियोस्क और वाटर नॉलेज सेंटर' स्थापित किया**




- यह पहल GVMC (ग्रेटर विशाखापत्तनम म्युनिसिपल कारपोरेशन) और परियोजना SEWAH (सस्टेनेबल इंटरप्राइजेज फॉर वाटर एंड हेल्थ) - USAID (यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) और SWN (सेफ वाटर नेटवर्क) के बीच एक गठबंधन द्वारा समर्थित है।
- कियोस्क मैत्री एक्वाटेक के अपने MEGHDOOT समाधान का उपयोग करके वायु से स्वच्छ, पीने योग्य पानी उपलब्ध कराएगा, जो भूजल के साथ-साथ सतही जल संसाधनों पर निर्भरता के बिना पानी उत्पन्न करने के स्त्रोत के रूप में होगा।


Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- **मैत्री एक्वाटेक** हैदराबाद की कंपनी है। कंपनी ने **MEGHDOOT** नामक एक अभिनव समाधान विकसित किया है जो वायु में नमी हार्वेस्टिंग से पानी उत्पन्न कर सकता है।

**8. ईरान, चीन ने 25 साल के "स्ट्रैटेजिक कोऑपरेशन पैक्ट" पर हस्ताक्षर किये**

- ईरान और चीन ने बीजिंग के प्रमुख ट्रिलियन-डॉलर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के नवीनतम विस्तार में 25 साल के "स्ट्रैटेजिक कोऑपरेशन पैक्ट" पर हस्ताक्षर किए।
- चीन ईरान का प्रमुख व्यापार भागीदार है और ईरानी तेल के सबसे बड़े खरीदारों में से एक था।
- अग्रीमेंट, तेहरान में ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जावद जरिफ और उनके चीनी समकक्ष, वांग यी के द्वारा हस्ताक्षर किए गए।
- **नोट:** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खातिबजाद ने कहा कि जनवरी 2016 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा तेहरान की यात्रा के दौरान पहली बार समझौता प्रस्तावित किया गया था।

**9. वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2021**



- **विश्व बैंक** ने हाल ही में **वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2021: डेटा फॉर बेटर लाइव्स** जारी की है।
- विश्व विकास रिपोर्ट का नवीनतम संस्करण विकास के लिए डेटा की शक्ति का दोहन करने के लिए एक खाका प्रदान करता है, ताकि कोई भी पीछे न रह जाए।
- अधिकांश देशों ने एक ओपन डेटा पालिसी से किनारा कर लिया है। केवल 11 प्रतिशत निम्न-आय वाले देशों ने लाइसेंस को 'ओपन' के रूप में उपलब्ध कराया।
- निम्न-मध्यम आय वाले देशों के लिये तुलनीय दर 19% थी, जबकि उच्च-मध्यम आय वाले देशों के लिये 22% और उच्च आय वाले देशों हेतु 44% थी।
- **विश्व बैंक के बारे में तथ्य:**

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

**मुख्यालय:** वाशिंगटन, डीसी, संयुक्त राज्य अमेरिका
**स्थापना:** जुलाई 1944
**अध्यक्ष:** डेविड माल्पास
**MD और CFO:** अंशुला कांत
**सदस्यता:** 189 देश (IBRD), 173 देश (IDA)

## 10. SAIL की चेयरपर्सन सोमा मोंडल SCOPE की नई अध्यक्ष बनी



- स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (SAIL) की चेयरपर्सन सोमा मोंडल को SCOPE **(स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज़)** का नया अध्यक्ष चुना गया।
- मोंडल का दो साल का कार्यकाल अप्रैल से शुरू होगा; उन्होंने 1 जनवरी, 2021 को SAIL चेयरपर्सन का कार्यभार संभाला था।
- SCOPE **(स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज़) के बारे में:** यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) का प्रतिनिधित्व करने वाला एक शीर्ष पेशेवर संगठन है। यह उन संगठनों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है जहां सार्वजनिक निवेश शामिल है, ताकि उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

## 11. मराठी लेखक डॉ शरणकुमार लिम्बाले को 2020 का सरस्वती सम्मान दिया जाएगा

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests



- प्रसिद्ध मराठी लेखक डॉ शरणकुमार लिम्बाले को उनकी पुस्तक **सनातन** के लिए 2020 का सरस्वती सम्मान प्रदान किया जायेगा।
- लिम्बाले की यह पुस्तक 2018 में प्रकाशित हुई थी। इस पुस्तक में दलित संघर्ष के महत्वपूर्ण सामाजिक और ऐतिहासिक दस्तावेजों का संग्रह है।
- **सरस्वती सम्मान के बारे में:** के के बिडला फाउंडेशन ने 1991 में इस पुरस्कार की शुरूआत की थी। यह देश का सबसे बडा और प्रतिष्ठित साहित्य पुरस्कार माना जाता है।
- पुरस्कार में पंद्रह लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका है।

gradeup

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests